जेल में हरियाणा की गैंग से पेपर लीक करना सीखा जगदीश विश्नोई ने

अधिकांश परीक्षाओं के पेपर लीक होने में कहीं न कहीं जगदीश विश्नोई का रोल रहा है

■ पेपर लीक मामले में 24 और प्रशिक्षु सब इंसपेक्टर एसओजी के निशाने पर

जयपुर। पेपर लीक मामले में गिरफ्तार जगदीश विश्नोई ने जेल में रहकर हरियाणा की गैंग से पेपर लीक करना सीखा और जेल से बाहर आते ही वह पेपर लीक का गुरु बन गया है। अधिकांश परीक्षाओं के पेपर लीक में कहीं न कहीं और किसी न किसी रूप में जगदीश विश्नोई का रोल रहा है।

एसओजी का कहना है कि गिरफ्तार शख्स गुरु उर्फ जगदीश विश्नोई पेपर लीक केस का सबसे बड़ा आरोपी है। उसने अब तक बारह परीक्षाओं के पेपर लीक कराए हैं। उस पर बारह केस दर्ज हैं। जगदीश विश्नोई से लगातार पूछताछ जारी है। जगदीश विश्नाई की प्रोपट्री को भी चिन्हित कर लिया गया है।

उधर, सूत्रों के अनुसार उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 2021 पेपर लीक मामले में पकडे गए 14 ट्रेनी एसआई से हुई पूछताछ के बाद अब 24 और ट्रेनी सब इंस्पेक्टर एसओजी के निशाने पर है। माना जा रहा है कि एसओजी की टीम एक-दो दिन में इन्हें पूछताछ के लिए बुला सकती है। सब इंस्पेक्टर के लिए चयनित सभी 640 अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड, फोटो और हस्ताक्षर का मिलान किया जाएगा। ऐसे में माना जा रहा है कि जांच में कई गड़बड़ियां और सामने आने वाली है।

एसओजी सूत्रों के मुताबिक गिरफ्तारी के बाद जब सभी ट्रेनी एसआई को मुख्यालय में लाया गया था, तो सभी खुद को निर्दोष बताने लगे। गिरोह ने पहले ही बता रखा था कि कभी भी मामला खुल जाए तो भागना नहीं और सीमित जवाब देना है, जिससे पूछताछ करने वाले अधिक पड़ताल नहीं कर सके। पूछताछ के दौरान जब एसओजी ने सवालों की छडी सी लगा दी तो सभी आरोपी टूट गए। पूछताछ में सामने आया है कि आरपीए में ट्रेनिंग कर रहे अन्य एसआई भी जगदीश के संपर्क में है।

एसओजी-एटीएस एडीजी वी.के. सिंह ने बताया कि एफएसएल के साथ एसओजी की टीम बनाई है। प्रशिक्षण लेने वाले सभी उप निरीक्षकों के परीक्षा के दौरान किए गए हस्ताक्षर व उनकी फोटो की तस्दीक की जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान उनके किए गए हस्ताक्षरों से मिलान किया जाएगा। डमी अभ्यर्थी बैठाकर थानेदार बनने की तस्दीक होने पर उन्हें भी गिरफ्तार किया जाएगा। वहीं, फर्जीवाड़ा करने वाले कुछ और उप निरीक्षकों को चिह्नित किया है। एसओजी की तस्दीक पूरी होने पर इन थानेदारों से भी पूछताछ की जाएगी।

गौरतलब है कि एसओजी ने मंगलवार शाम 14 ट्रेनी एसआई को गिरफ्तारी के बाद बुधवार को कोर्ट में पेश किया। जहां से कोर्ट आरोपी नरेश कुमार, सुरेंद्र कुमार, करणपाल गोदारा, विवेक भांभू, मनोहरलाल, गोपीराम, श्रवण कुमार, रोहिताश्व कुमार, प्रेम सुखी, एकता, भगवती, राजेश्वर, नारंगी और चंचल कुमारी को 12 मार्च तक एसओजी की अभिरक्षा में भेज दिया है।

बीस चयनित अभ्यर्थी प्रशिक्षण के लिए नहीं पहुंचे

■ आरपीए से दो अन्य प्रशिक्षु थानेदारों को पूछताछ के लिए एसओजी मुख्यालय लाया गया

जयपुर। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) की तस्दीक में सामने आया है कि उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा का पेपर पहले लेने वाले अन्य 20 परीक्षार्थियों का चयन भी हो गया था। लेकिन डर के चलते यह सभी परीक्षार्थी थानेदार बनने के लिए प्रशिक्षण लेने के लिए जॉइन ही नहीं किया। इन परीक्षार्थियों की पेपर लीक मामले में जांच की जा रही है। वहीं आरपीए से दो अन्य प्रशिक्षु थानेदारों को पूछताछ के लिए एसओजी मुख्यालय लाया गया था। कई घंटे पूछताछ के बाद उन्हें पुनः एसओजी मुख्यालय में उपस्थित होने की कहकर वापस भेज दिया। हालांकि दोनों थानेदारों के खिलाफ अभी पुख्ता सबूत नहीं मिले बताए। एसओजी सूत्रों के मुताबिक पूछताछ में पेपर लीक करने वाले गिरोह ने जयपुर शहर के कुछ कोचिंग और निजी स्कूलों के संचालकों से भी संपर्क होना बताया है। एसओजी तस्दीक कर रही है कि गिरोह से इन कोचिंग व स्कूल संचालकों ने प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर परीक्षा से पहले लिए या नहीं।

इसके अलावा एक टीम पेपर लीक से जुटाई गई रकम कहां से आई और कहां खपाई गई। इस संबंध में भी पड़ताल कर रही है। गौरतलब है कि एसओजी ने उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा का पेपर लीक करने और परीक्षा से पहले पेपर पढ़ने वाले 14 प्रशिक्षु थानेदारों को गिरफ्तार किया था। ये सभी थानेदार एसओजी की रिमांड पर है। पेपर लीक करने वाले गिरोह का मास्टर माइंड जगदीश बिश्नोई, भूपेन्द्र सारण, शिक्षक राजेन्द्र यादव, पटवारी हर्षवर्धन मीणा, लाइब्रेरियन शिवरतन मोट व राजेन्द्र उफ राजू यादव से भी पूछताछ कर रही है।

स्मैक के सप्लायर चढे पुलिस के हत्थे

जयपुर। जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत मानसरोवर इलाके में कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उसके पास से 84 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक, बिक्री की राशि 2000 रुपये एवं एक दुपहिया वाहन बरामद किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सीएसटी ने स्मैक की तस्करी करने वाले रामदयाल चौधरी निवासी पचेवर जिला टोंक हाल मानसरोवर जयपुर और राकेश नायक निवासी पचेवर जिला टोंक हाल मानसरोवर जयपुर को गिरफ्तार किया है। उनके पास से अवैध मादक पदार्थ स्मैक 84 ग्राम, बिक्री की राशि 2000 रुपये एवं 1 दुपहिया वाहन जब्त किया है।

गिरफ्तार आरोपी रामदयाल चौधरी एवं राकेश नायक एक ही गांव के रहने वाले हैं एवं जयपुर में भी एक ही मकान में किराए से साथ-साथ रहते है। आरोपित इन्ट्राग्राम आईडी पर कॉल कर अमित शर्मा निवासी सुमेर नगर विस्तार मांग्यावास जयपुर से स्मैक खरीद कर लाना बताया है जिसके छोटे-छोटे टोकन बनाकर डिमाण्ड के अनुसार बेचान करना बताया है।

जयपुर शहर के विकास के लिये 275 करोड़ रूपये किये स्वीकृत

जयपुर विकास आयुक्त की अध्यक्षता में पीडब्ल्यूसी की बैठक आयोजित हुई।

जयपुर, (का.सं.)। जयपुर विकास आयुक्त मंजू राजपाल की अध्यक्षता में गुरूवार को जेडीए के चिंतन सभागार में पीडब्ल्यूसी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में 275 करोड रूपये स्वीकृत किये गये, जिससे जयपुर शहर के विकास को गति मिलेगी।

जेडीसी ने बताया कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा एवं स्वायत्त शासन, नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा के नेतृत्व में जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जयपुर शहर के सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न विकास कार्य करवाये जा रहे है।

बैठक में ग्राम रोजदा तहसील जयपुर में 7.57 हैक्टेयर भूमि पर रोजदा फार्म हाऊस योजना के नवीन सृजन की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। जेडीए द्वारा सीकर रोड पर तीन फेज में दोनों तरफ ड्रेनेज की समस्या के समाधान हेतु परियोजना तैयार की गई है। बैठक में फेज-I में मुख्य सीकर रोड (मुरलीपुरा से द्रव्यवती नदी तक) पर ड्रेनेज कार्य हेतु 36.88 करोड रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई।

बैठक में स्वर्ण विहार जेडीए योजना, सांगानेर में 30 एमएलडी एसटीपी के साथ-साथ सांगानेर के आसपास के क्षेत्र (रेलवे स्टेशन के आसपास का क्षेत्र और रामपुरा रोड, न्यू सांगानेर रोड, मुहाना मंडी और इस्कॉन रोड के बीच का क्षेत्र और वंदेमातरम सर्कल और पत्रकार कॉलोनी के आसपास का क्षेत्र) में सीवरेज नेटवर्क प्रदान करने हेतु पीआरएन (दक्षिण) के निकटवर्ती क्षेत्र में मुख्य ट्रंक और पार्श्व सीवर लाइन बिछाने और जोड़ने हेतु 231 करोड रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। दिल्ली रोड से नारदपुरा तक 100 फीट सेक्टर रोड के नवीनीकरण एवं सुदृढीकरण हेतु 4.18 करोड रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। सिविल लाईन क्षेत्र (सिविल लाईन मैट्रो से बाईस गोदाम तथा सिविल लाईन फाटक से हवा सडक) में सडक नवीनीकरण हेतु 3.27 करोड रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। बैठक में जेडीए सचिव, समस्त निदेशकगण, अतिरिक्त आयुक्त, अधीक्षण अभियंता एवं अधिशाषी अभियंता उपस्थित थे।

शनिवार व रविवार को भी खुलेंगे बिजली कार्यालय

जयपुर। राज्य की तीनो विद्युत वितरण कम्पनियों के सभी सहायक एवं कनिष्ठ अभियन्ता कार्यालय (परिचालन एवं संधारण) उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिये आगामी शनिवार एवं रविवार को अवकाश के दिन भी खुले रहेंगे। ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर के निर्देश पर डिस्कॉम्स चेयरमैन ने इस संबंध में आदेश जारी किये हैं। आदेश के अनुसार इन दोनों दिवसों में यह कार्यालय सामान्य रूप से संचालित होंगे। सहायक अभियंताओं द्वारा उनके कार्यालयों में तथा कनिष्ठ अभियंताओं द्वारा संबंधित 33 केवी जीएसएस में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

सार-समाचार

महिला दिवस के मौके पर कार्यक्रम

जयपुर। राजकीय कन्या महाविद्यालय किशनपोल, जयपुर में महिला दिवस के उपलक्ष में अगले जन्म मोहे लाडली ही दिजो की भावना पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. खामोश मीना ने कहा कि महिलाओं को सम्मान देने के लिए हर साल 8 मार्च का दिन अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है। स्कूलों कॉलेजों से लेकर तमाम संस्थाओं में इस दिन विशेष आयोजन होते हैं जिसमें महिलाओं को उनके खास होने की अनुभूति होती है। महिला दिवस के अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगितओं में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर आशु भाषण, कविता पाठ एवं मांडणा प्रतियोगिताएं सम्पन्न हुई।

कैंसर पीड़ितों की सहायता की

जयपुर, (का.सं.)। विजया एकादशी पर अम्बे परमार्थ सेवा समिति की तरफ से स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट एसएमएस मेडिकल कॉलेज, जयपुर में 100 मरीजों के नाश्ते की व्यवस्था की, साथ में (केनकिड्सकेन एनजीओ) के कन्नु शर्मा और स्वाति मिश्रा भी समिति के साथ राउंड पर साथ रही। उन्होंने अपना सक्षम सहयोग देते हुए समिति के मेमबर्स को कैन्सर पीड़ित बच्चों, बड़ो और साथ मे वृद्धर्जनों, जो कि कैंसर से पीड़ित है, उनसे मिलवाया। अम्बे परमार्थ सेवा समिति ने उनसे बातचीत की और उनका मनोबल बढ़ाया। साथ में सबको समिति की तरफ से हनुमान चालीसा वितरित की गई। साथ मे समिति ने निर्धन परिवारो के बच्चों, बड़े, एवं वृद्धजनों को कपड़े वितरित किये।

शक्ति कार्यक्रम का उद्घाटन किया

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान विश्वविद्यालय महिला अध्ययन केन्द्र द्वारा आज अन्तर्राष्ट्रिय महिला दिवस के उपलक्ष में 2 दिवसीय शक्ति कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। इस कार्यक्रम का उद्घाटन राजस्थान विश्वविद्यालय में कार्यरत् एक वरिष्ठ महिला सहायक कर्मचारी नैना देवी मीणा द्वारा किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो.अल्पना कटेजा द्वारा की गयी। इस अवसर पर कुलपति ने कार्यक्रम में उपस्थित विश्वविद्यालय की सभी महिला सहायक कर्मचारियों को व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित कर उन्हे पुष्प देकर सम्मानित किया।

राजस्थान विधानसभा कैलेण्डर जारी

जयपुर। राजस्थान विधानसभा द्वारा प्रकाशित इस वर्ष के कैलेण्डर में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की पहल पर नवाचार किये गये है। इस वर्ष के कैलेण्डर में प्रदेश के वीर वीरांगनाओं और महापुरूषों के चित्रों को समाहित किया गया है। विधानसभा द्वारा प्रकाशित कैलेण्डर को नया स्वरूप दिया गया है। विधानसभा अध्यक्षदेवनानी ने बताया कि कैलेण्डर में वीर-वीरांगनाओं और महापुरूषों के चित्रों को समाहित करने से लोगों को प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष के कैलेण्डर में भारत माता, सम्राट पृथ्वीराज चौहान, रानी लक्ष्मीं बाई, महाराणा प्रताप, स्वामी विवेकानन्द, गुरूदेव रविन्द्र नाथ टैगोर और डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्रों को समाहित किया गया है।

भारती ने रजिस्ट्रार का पदभार संभाला

जयपुर। राज्य सरकार के आदेशानुसार गुरूवार को सवाई मानसिंह हॉस्पिटल की नर्सिंग अधीक्षक भारती ने राजस्थान नर्सिंग काउंसिल के रजिस्ट्रार का पदभार ग्रहण किया। इस दौरान कार्यवाहक नर्सिंग अधीक्षक भगवती, राजस्थान नर्सेज संघर्ष समिति अध्यक्ष सोमसिंह, प्रदेश संयोजक मनोज दुब्बी अखिल भारतीय मजदूर संघ की राष्ट्रीय सदस्य सरोज यादव, सुनीता महावर, वूमन वेलफेयर एसोसिएशन की प्रदेश अध्यक्ष विनीता शेखावत, प्राइवेट नर्सेज एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा सहित कर्मचारियों ने पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी।

सरकारी वकील के कोर्ट नहीं आने को कोर्ट ने गंभीर माना

■ अदालत ने कहा कि प्रमुख सचिव को बुलाने के अलावा नहीं बचा विकल्प

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने मुकदमों में राज्य सरकार की ओर से वकील के पेश होकर पक्ष नहीं रखने को गंभीर माना है। अदालत ने कहा कि पूर्व में मुख्य सचिव और प्रमुख विधि सचिव को सरकारी वकीलों की उपस्थिति के संबंध में कहा जा चुका है।

इसके अलावा महाधिवक्ता भी इनकी उपस्थिति को लेकर अदालत को आश्वस्त कर चुके है, लेकिन अब तक कोई सुधार नहीं हुआ है। ऐसे में प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए अदालत के पास प्रमुख पंचायती राज सचिव और दौसा जिला परिषद के सीईओ को बुलाने के अलावा दूसरा विकल्प नहीं बचा है। ऐसे में दोनों अधिकारी 11 मार्च को व्यक्तिशः या वीसी के जरिए अदालत में पेश होकर अपना स्पष्टीकरण पेश करें। जस्टिस गणेश राम मीणा की एकलपीठ ने यह आदेश सुनीता शर्मा व अन्य की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

अदालत ने कहा कि पंचायती राज विभाग से जुड़े इस सेवा संबंधी मामले में अदालत ने गत 11 अक्टूबर को विभाग को नोटिस जारी किए थे, जो 11 जनवरी को अधिकारियों पर तामील हो गए। इसके बाद 16 फरवरी को सुनवाई के दौरान विभाग की ओर से कोई पेश नहीं हुआ। इसके चलते अदालत को मामले की सुनवाई टालनी पडी। वहीं इस बार भी सरकार की तरफ से पक्ष रखने के लिए कोई फेस नहीं हुआ। सरकार के इस तरह के सुस्त रवैये को लंबी अवधि के लिए बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। सरकार की ओर से पक्ष नहीं रखने के चलते आम गरीब आदमी के मुकदमे पर सुनवाई नहीं हो पाती है। इससे पूर्व अदालत मुख्य सचिव, प्रमुख विधि सचिव और महाधिवक्ता को भी इस संबंध में जानकारी दे चुकी है। ऐसे में अब दोनों अधिकारी अदालत में पेश होकर इस संबंध में अपना स्पष्टीकरण पेश करें।

बाल सुधार गृह से भागे बाल अपचारियों ने रोहतक में की व्यापारी की हत्या

दो बाल अपचारियों को मुजफ्फरनगर और रोहतक पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर नेपाल बॉर्डर से पकड़ा

जयपुर, 7 मार्च । ट्रांसपोर्ट नगर थाना इलाके में स्थित बाल सुधार गृह से बारह फरवरी को लॉरेंस गैंग के शूटर के साथ भागे दो बाल अपचारियों ने रोहतक में एक स्क्रेप व्यापारी की हत्या कर दी। जयपुर पुलिस को इसकी जानकारी मिलने के बाद दो बाल अपचारियों को मुजफ्फरनगर और रोहतक पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर नेपाल बॉर्डर से पकड़ा है। इन दोनों को जयपुर लेकर आया जा रहा है।

गौरतलब है कि रोहतक के लाखन माजरा में एक स्क्रैप व्यापारी सचिन मुंजाल की दो मार्च को हत्या कर दी गई थी। जयपुर पुलिस को सूचना मिली थी कि इस हत्या में दोनों नाबालिगों का हाथ है।

जयपुर पुलिस की जांच में सामने आया कि बारह फरवरी को लॉरेंस का गुर्गा जयपुर के बाल सुधार गृह से तेईस नाबालिगों के साथ भाग गया था। इनमें से कुछ को पकड़ लिया गया और अभी सात बाल अपचारी पुलिस की पकड़ से दूर है। लॉरेंस के गुर्गे ने साथ में भागे दो नाबालिगों की बाहर जाकर गैंगस्टर रोहित गोदारा से फोन पर बात करवाई। गैंगस्टर ने दोनों नाबालिगों को सचिन मुंजाल की हत्या का टास्क दिया था। हत्या के बाद दोनों नाबालिगों ने अलग-अलग राज्यों में फरारी काटी थी।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि बुधवार देर रात इनके बारे में इनपुट मिला था कि वह नेपाल भागने की फिराक में है। इस पर रोहतक पुलिस को सूचना दी गई।

रोहतक पुलिस ने मुजफ्फरनगर पुलिस के साथ मिलकर दोनों आरोपितों को नेपाल बोर्डर से पकड़ लिया, जिन्हें रोहतक पुलिस लेकर जाएगी। इसके बाद जयपुर पुलिस इन दोनों आरोपियों को पूछताछ के लिए ला सकती हैं। दोनों नाबालिग 17 साल के है। सचिन ही हत्या के बाद रोहित गोदारा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट भी किया था। इस पर लिखा था कि इस हत्याकांड की जिम्मेदारी लेते है। इसके बाद पुलिस हत्यारों के पीछे लग गई थी।

गौरतलब है कि जयपुर की सेठी कॉलोनी स्थित बाल सुधार गृह से बारह फरवरी को भी लॉरेंस के एक गुर्गे समेत तेईस नाबालिग सुधार गृह से फरार हो गए थे। सुबह 4 से 5 बजे के बीच बाल अपचारी लोहे की जाली काटकर भाग निकले थे। इनमें एक लॉरेंस गैंग का गुर्गा भी शामिल था, जिसने जयपुर में जी क्लब पर फायरिंग की थी। उसी ने भागने का पूरा प्लान बनाया था। इनमें पुलिस ने कई दिनों के अथक प्रयास के बाद 16 को जयपुर में अलग-अलग जगहों से पकड लिया था।

पुलिस की वर्दी पहनने पर वाहन चालक गिरफ्तार

जयपुर। जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पुलिस की वर्दी पहनने पर पुलिस की हेल्पलाइन 112 वाहन के चालक को गिरफ्तार किया है। इस सम्बंध में एसआई रेणु मालाकार ने मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने बताया कि पुलिस की हेल्प लाइन नम्बर 112 के चालक ने पुलिस की वर्दी पहन कर जाब्ते के साथ रवाना हो गया। इस पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी ने पुलिस वर्दी के साथ उस पर बिसल और आरपी का बेच भी लगा रखा था। हालांकि बेल्ट पर होमगार्ड का पहन रखा था।

शिक्षण संस्थानों में भवन मरम्मत के लिए 250 करोड रुपए की वित्तीय मंजूरी

जयपुर। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में महिलाओं और बालिकाओं के सशक्तीकरण के लिए निरन्तर कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की ओर से लगातार एक से बढ़कर एक सौगातें देकर महिलाओं एवं बालिकाओं को शिक्षित बनाने के लिए राज्य सरकार हर संभव कार्य कर रही है।

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के राजकीय शिक्षण संस्थानों में बालिकाओं के लिए शिक्षा और शिक्षण का बेहतर वातावरण तैयार किया जाना बहुत आवश्यक है। इसके लिए राजकीय शिक्षण संस्थानों में भवनों की मरम्मत कक्षा-कक्षों एवं बालिका टॉयलेट्स के निर्माण के लिए तथा विभिन्न विभागों के अंतर्गत संचालित छात्रावास एवं आवासीय विद्यालयों में सुविधाओं के उन्नयन, मरम्मत व रखरखाव के लिए 250 करोड रुपए राशि की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवारों की बालिकाओं को संबल प्रदान करना तथा उन्हें शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना एवं इसके लिए उचित वातावरण और सुविधाएं उपलब्ध करवाना राज्य सरकार की मंशा है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवारों की छात्र-छात्राएं विद्यालयों में हीन भावना से ग्रसित न हो तथा उन्हें शिक्षा हेतु आवश्यक स्कूल बैग, किताबें, यूनिफॉर्म उपलब्ध हो सके इस दृष्टि से राजकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षा 1 से आठवीं तक के समस्त विद्यार्थियों तथा कक्षा 9 से 12वीं तक पढ़ने वाली समस्त छात्राओं को आगामी शैक्षिणक वर्ष से प्रति विद्यार्थी 1000 दिया जाएगा। इस हेतु वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस अनुपम प्रयास के आधार पर लगभग 70 लाख विद्यार्थी लाभान्वित होंगे।

अवैध हथियार सहित बदमाश दबोचा

जयपुर। जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत संजय सर्किल इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार रखने वाले सद्दाम कुरैशी उर्फ सद्दु को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक देसी कट्टा एवं नौ जिंदा कारतूस बरामद किए गए है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सद्दाम कुरैशी उर्फ सद्दु निवासी बरकत अली कच्ची बस्ती झोटवाडा है।

दो मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

जयपुर। जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से आठ किलो गांजा सहित वारदात में प्रयुक्त एक वाहन भी जब्त किया गया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

'बच्चों की सुरक्षा के लिए जागरूकता व सुशासन के लिए हो कार्य'

जयपुर, (का.सं.)। राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र ने गुरुवार को राजभवन में सरदार पटेल, सुरक्षा एवं दांडिक न्याय विश्वविद्यालय, जोधपुर की यूनिसेफ द्वारा प्रायोजित राजस्थान पुलिस अधिकारियों के शोध अध्ययन आधारित पुस्तक "बालिकाओं के खिलाफ होने वाले यौन अपराधों के कारण एवं रोकथाम" और विश्वविद्याल के "काउंटर करप्शन केंद्र" द्वारा प्रकाशित" सुशासन के अंतर्गत भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान" से संबंधित संपादित पुस्तक का लोकार्पण किया।

राज्यपाल ने इस अवसर पर बच्चों की सुरक्षा और उनके अधिकारों के वैधानिक नियमों, नीतियों और कानून के संबंध में जागरूकता के साथ ही सुशासन के लिए भ्रष्टाचार की प्रभावी रोकथाम करने के लिए प्रभावी प्रयास किए जाने का आव्हान किया।

राज्यपाल मिश्र ने कहा कि बाल यौन अपराध समाज विकास का बड़ा अवरोध है। उन्होंने ऐसे अपराधों को रोके जाने के लिए कारगर और प्रभावी प्रयास किए जाने पर जोर दिया। मिश्र ने बच्चों का संरक्षण कानून पोस्को की चर्चा करते हुए कहा कि बाल यौन अपराधों के संबंध में सजा के लिए स्पेशल कोर्ट की भी व्यवस्था है। ऐसे अपराधों पर त्वरित और प्रभावी कार्यवाही होनी चाहिए। उन्होंने विद्यालयों में बच्चों को भी असामान्य 'व्यवहार' के प्रति सजग रहने के लिये प्रेरित करने, इंटरनेट, मोबाइल, सोशल मीडिया के अश्लील सामग्री को भी यथासंभव प्रतिबंधित किए जाने आदि पर जोर दिया। उन्होंने सुशासन के साथ भ्रष्टाचार मुक्त भारत के लिए भी सबको मिलकर कार्य किए जाने का आव्हान किया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री डॉ. मंजू बाघमार और गृह राज्य मंत्री श्री जवाहर सिंह बेढम ने दोनों ही पुस्तकों के अंतर्गत हुए अध्ययन को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने राज्यपाल द्वारा संविधान संस्कृति के लिए किए जा रहे कार्यों की भी सराहना की।

पुलिस विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आलोक त्रिपाठी ने विश्वविद्यालय द्वारा पुलिस शोध और अनुसंधान के तहत किए जा रहे कार्यों और प्रकाशनों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव उच्च एवं तकनीकी शिक्षा सुबीर कुमार, राज्यपाल के सचिव गौरव गोयल, प्रमुख विशेषाधिकारी गोविंद राम जायसवाल, पुलिस महानिदेशक यू.आर. साहू, पुलिस महानिदेशक जेल भूपेंद्र दक सहित बड़ी संख्या में अधिकारी और विश्वविद्यालय के आचार्य तथा अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क पहुंची महाराष्ट्र की बाघिन भक्ति

जयपुर। नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में वन विभाग की टीम महाराष्ट्र के पुणे से चौदह सौ किलोमीटर लंबा सफर तय करके बाघिन भक्ति को गुरुवार सुबह नाहरगढ़ बायोलॉजिकल लेकर आई।

बाघिन की उम्र करीब साढ़े सात वर्ष है। जिसे इक्कीस दिनों तक क्वॉरेंटाइन रखा जाएगा। इसके बाद पर्यटकों के लिए डिस्प्ले एरिया में छोड़ा जाएगा। बाघिन के आने से वन्यजीव प्रेमियों में खुशी का माहौल है। जयपुर चिड़ियाघर के डीएफओ जगदीश गुप्ता ने बताया कि वरिष्ठ वन्यजीव पशु चिकित्सक डॉक्टर अरविंद माथुर के नेतृत्व में वन विभाग की टीम महाराष्ट्र के पुणे स्थित राजीव गांधी जूलॉजिकल पार्क से एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत बाघिन भक्ति को लेकर जयपुर पहुंची है। जू एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क द्वारा दो फीमेल, एक मेल वुल्फ के साथ ही एक फीमेल हायना पुणे के राजीव गांधी जूलॉजिकल पार्क को दिए गए हैं। जबकि पुणे के राजीव गांधी जूलॉजिकल पार्क द्वारा साढ़े सात साल की टाइग्रेस भक्ति जयपुर के नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क को सौंपी गई है। इससे पहले जुलाई 2022 में ग्वालियर से टाइगर शिवाजी को लाया गया था। इससे पहले ओडिशा से फीमेल टाइगर रानी को लाया गया था।